>

Title: Need to set up branches and ATMs of Nationalised Banks in each block of the Robertsganj Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री पकौड़ी लाल (रॉबर्ट्सगंज) : मेरे संसदीय क्षेत्र राबर्टसगंज (उत्तर प्रदेश) में सरकारी एवं गैर सरकारी क्षेत्र की परियोजनाएं कार्यरत हैं। कृषक उत्पादित अन्न बेचते हैं। परन्तु क्षेत्र में जगह जगह सरकारी बैंक एवं ए.टी.एम. मशीन न होने के कारण लोग सुदूर क्षेत्रों में जाते हैं, जिससे कठिनाई होती है। इस क्षेत्र के बच्चे अनेक प्रदेशों में अध्ययन करने जाते हैं, जिससे फीस इत्यादि भेजना होता है। सभी तरह के राष्ट्रीयकृत बैंक न होने के कारण कठिनाई होती है। बैंक एवं ए.टी.एम. स्थापित होने से सरकार को राजस्व की प्राप्ति होगी।

अतः केन्द्र सरकार से निवेदन है कि जो राष्ट्रीयकृत बैंक एवं ए.टी.एम. मशीन मेरे क्षेत्र में नहीं है उसे प्रत्येक ब्लाक में आवश्यकता के अनुरूप स्थापित कराने का कष्ट करें।